आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 07.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनगर में राज्य स्तरीय जन–वन महोत्सव का शुभारंभ किया, पारिस्थितिकी और आर्थिकी के परस्पर संतुलन पर दिया जोर।
- उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर देहरादून में कल राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान में तीन स्थानों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड ग्राउंड में युवा महोत्सव का उद्घाटन किया।
- उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर आज चंपावत में पर्यटन विभाग माउंटेन बाइकिंग इको राइड का आयोजन।

जन–वन महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रामनगर में आयोजित राज्य स्तरीय जन–वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वन्य जीवों और प्रकृति का संरक्षण देवभूमि की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन–वन महोत्सव जनता और जंगलों के बीच अटूट संबंध का प्रतीक है और यह याद दिलाता है कि विकास तभी सार्थक है जब पारिस्थितिकी और आर्थिकी में संतुलन बना रहे।

उन्होंने चमोली जिले में 1973 के चिपको आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने पेड़ों से लिपटकर पर्यावरण संरक्षण को नया आयाम दिया और यह आंदोलन महिला सशक्तिकरण तथा पर्यावरण प्रेम का प्रतीक बना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्षों में उत्तराखंड ने प्रकृति, संस्कृति और विकास का संतुलन बनाए रखते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है और सरकार इकोलॉजी, इकोनॉमी और टेक्नोलॉजी के संतुलन पर काम कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लेती–चोपड़ा गांव को नए राजस्व ग्राम के रूप में विकसित करने, भलौन गांव में सिंचाई और पेयजल ट्यूबवेल लगाने, तुमड़िया रोड को मालधन से जोड़ने, महिला जिप्सी चालकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने, नगर वन में लाइट एंड साउंड शो प्रारंभ करने और सामुदायिक सोवेनियर शॉप बनाने की घोषणाएं कीं।

सम्मान समारोह आयोजन

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर कल देहरादून में राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान में तीन स्थानों पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। पुलिस लाइन रेसकोर्स में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आंदोलनकारियों को सम्मानित करेंगे। यहां तहसील सदर और मसूरी क्षेत्र के आंदोलनकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह समारोह उन वीर आंदोलनकारियों को समर्पित है, जिनके संघर्ष और बलिदान से राज्य का गठन संभव हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि रजत जयंती समारोह उत्तराखंड आंदोलन की ऐतिहासिक यात्रा को याद करने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आंदोलन की झलकियां दिखाने वाली प्रदर्शनी और राज्य के विकास पर आधारित प्रस्तुति भी होगी।

वित्तीय साक्षरता कार्यशाला

उत्तराखंड में वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला आज पूर्वाह्न दस बजे नैनीताल क्लब के सम्मेलन कक्ष में सुबह में शुरू होगी।

कार्यशाला में राज्य प्रशासन, पुलिस, वन, न्यायपालिका, लोक निर्माण विभाग और नैनीताल जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी सहभागी होंगे। उनकी उपस्थिति विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और राज्य की वित्तीय प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगी।

कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, लेखा प्रणाली में सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा संस्थागत क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करना है।

<u>युवा महोत्सव</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड ग्राउंड में युवा महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए युवाओं और कलाकारों की सहभागिता से उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं, जिससे उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और राज्य सरकार ने युवाओं के लिए भविष्य आधारित रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई कंपनियों से समझौते किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने प्रदर्शनी में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और ड्रोन कबड्डी एरिना का उद्‌घाटन किया।

<u>स्वीकृति</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी गढ़वाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को 30 शैय्यायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत करने के लिए चौदह करोड़ तिरासी लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। उन्होंने नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड में ग्रामीण निर्माण विभाग के अनावासीय कार्यालय भवन के निर्माण के लिए भी दो करोड़ बारह लाख रुपए की धनराशि मंजूर की है।

<u>माउंटेन बाइकिंग इको राइड</u>

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर आज चंपावत में पर्यटन विभाग माउंटेन बाइकिंग इको राइड का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

रैली अब से कुछ देर बाद सुबह 8 बजे पर्यटन कार्यालय चंपावत से शुरू होकर दुधपोखरा–टी गार्डन मार्ग तक आयोजित की जाएगी। जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि इसमें स्थानीय युवा, साइक्लिंग क्लब और साहसिक खेल प्रेमी भाग लेंगे। रैली मार्ग पर सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा और पेयजल की पूरी व्यवस्था की गई है।

इस आयोजन से जिले में साहसिक पर्यटन को नई दिशा मिलने और युवाओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करने की उम्मीद है।

उत्तराखंड रजत जयंती– स्वास्थ्य सेवाएं यात्रा

उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग तेज़ी से प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है। उत्तराखंड राज्य अपनी स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे कर रहा है, और इस अवसर पर आज हम जानेंगे कि रजत जयंती में प्रवेश कर रहे इस युवा राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में पिछले पच्चीस वर्षों में कैसी लंबी छलांग लगाई है। उत्तराखंड का स्वास्थ्य ढांचा तेज़ी से सुदृढ़ हो रहा है। राज्य के हर ज़िले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। आज 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक और 577 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनसेवा में सक्रिय हैं। देश में पहली बार एम्स ऋषिकेश के सहयोग से राज्य में हेली–एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, जिससे पर्वतीय और दुर्गम इलाकों में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ हुई हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। राज्य निर्माण के समय नवजात मृत्यु दर 52 प्रति हजार थी, जो अब घटकर 20 रह गई है, जबकि मातृ मृत्यु दर 450 प्रति लाख से घटकर 91 हो गई है। संस्थागत प्रसव दर अब 83 प्रतिशत पहुँच चुकी है। सरकार ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की संख्या में भी बड़ा इज़ाफा किया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष कर दी गई है। वर्ष 2008 में शुरू हुई 108 एम्बुलेंस सेवा अब राज्य की जीवनरेखा बन चुकी है। इस सेवा से अब तक 8.79 लाख से अधिक लोगों को आपातकालीन सहायता मिल चुकी है। राज्य में 335 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि 48 नए केंद्र प्रस्तावित हैं। टीबी मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत 2,182 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की जा चुकी हैं, और 18 हजार से अधिक निक्षय मित्र मरीजों की मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता है–स्वस्थ उत्तराखंड, समृद्ध उत्तराखंड। उन्होंने विश्वास जताया है कि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड देश के सबसे स्वस्थ राज्यों में शामिल होगा।

तैयारियां

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्य समारोह वन अनुसंधान संस्थान– एफआरआई प्रांगण में आयोजित होगा, जहां 75 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

समारोह में गढ़वाल और कुमाऊं के लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जबकि विभिन्न जिलों से आए लोगों में से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य आंदोलन में भाग लेने वाले आंदोलनकारियों और शहीदों के परिवारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सचिव मुख्यमंत्री और गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान कई विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि प्रशासन समारोह को भव्य बनाने में जुटा हुआ है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूलों के छात्र भी शामिल होंगे। हर साल 9 नवंबर को होने वाली पुलिस रैतिक परेड इस बार कार्यक्रम के चलते 7 नवंबर को आयोजित की जाएगी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में बम्पर मतदान की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने अपने शीर्षक में लिखा है— पहले चरण में अब तक का सर्वाधिक मतदान।

नवोदय टाइम्स लिखता है— चुनाव आयोग ने कहा— और बढ़ सकता है फाइनल आंकड़ा।

हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है— बिहार में वोटिंग का नया रिकार्ड।

राष्ट्रीय सहारा ने इसी खबर पर शीर्षक दिया है—प्रथम चरण में 64 दशमलव चार छह प्रतिशत मतदान।

हल्द्वानी में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है—वीर नारियों को घर के लिए पांच लाख।

इसी खबर पर अमर उजाला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है—उत्तराखंड सैनिक कल्याण बोर्ड का जल्द होना पुनर्गठन।

नवोदय टाइम्स का शीर्षक है—आवास निर्माण के लिए शहीद सैनिक की पत्नी को अब मिलेंगे पांच लाख।

दैनिक जागरण ने लिखा है— राहुल ने साबित किया कि वह टुकडे गैंग के मुखिया।